हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 30 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं के बारे में कांग्रेस के सभी आरोप निराधार हैं।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में आयोग ने कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों को सावधान किया है कि वे चुनाव और मतगणना जैसे संवेदनशील मामलों में बेतुके और सनसनीखेज़ आरोप लगाने से बचें। आयोग ने कहा है कि इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना आरोपों से लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। आयोग का कहना है कि चुनाव हारने पर पार्टी इस तरह के अनर्गल आरोप लगा रही है।आयोग ने कहा कि कांग्रेस इस प्रकार के ओछे आरोपों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। पिछले वर्ष इस प्रकार के अनेक मामलों का उल्लेख करते हुए निर्वाचन आयोग ने कहा कि हरियाणा में चुनावी प्रक्रिया के दौरान उठाए गए कदमों में कोई कमी नहीं थी और यह सभी कांग्रेस नेताओं तथा उनके एजेंटों को भी ज्ञात है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यू-विन पोर्टल का शुभारंभ केंद्र सरकार की देश के नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और सभी के लिए बुनियादी व आवश्यक सेवाओं की सार्वभौमिक और समान पहुंच को प्रोत्साहित भी करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यू-विन प्लेटफॉर्म एक डिजिटल समाधान है, जो हर गर्भवती महिला, नवजात शिशु, बच्चे और किशोर के टीकाकरण के लिए ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। यह प्रणाली टीकाकरण सत्रों की योजना, लाभार्थियों के पंजीकरण, टीकाकरण स्थिति वास्तविक समय में डिजिटल रूप से अंतिम सेवा वितरण बिंदु से करने और सभी आंकड़ों के रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग को सक्षम बनाएगी।यू-विन नागरिकों के लिए एक इंटरैक्टिव यूजर इंटरफेस के अलावा विभिन्न मॉड्यूल के साथ कार्यक्रम प्रबंधकों के लिए प्रासंगिक टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने के अलावा लाभार्थियों को उनके नियत टीकों के बारे में एसएमएस के माध्यम से समय-समय पर सूचना देगा।यह पोर्टल लाभार्थियों को ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण, टीकाकरण की तत्काल पुष्टि करने व सुविधाजनक स्लॉट-बुकिंग सहित विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है। लगभग 6000 स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और 20,000 से अधिक मोबिलाइज़र को यू-विन पोर्टल पर लाभार्थियों के पंजीकरण और टीकाकरण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। हरियाणा में नियमित टीकाकरण सत्रों के लिए पोर्टल पर लगभग 29,000 सत्र स्थल

****

आज भी हरियाणा सहित देशभर में धनतेरस का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।हमारे संवाददाता अश्वनी कुमार शर्मा ने बताया है कि लोग खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में बाजार में पहुंच रहे हैं और धनतेरस पर चांदी के सिक्कों की खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।ख़रीदारी करने आये लोगो ने बताया कि धनतेरस पर सोने चाँदी और बर्तनों की ख़रीदारी की परंपरा चली आ रही है। काबिले

गौर है कि लोगों ने कल भी धनतेरस के चलते जमकर खरीदारी की।

****

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों से उनकी धान का एक -एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कांग्रेसी नेता रणदीप सुरजेवाला पर मीडिया में "गुमराह करने वाले बयान" देने का आरोप लगाते हुए कहा कि धान की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, और किसान सरकार की खरीद प्रणाली से पूरी तरह संतुष्ट हैं। श्री श्याम सिंह राणा ने चंडीगढ़ में जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक 47.लाख 5 हज़ार टन धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा है और करोड़ों रुपये की भुगतान राशि बिना किसी देरी के किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दी गई है।कृषि मंत्री ने कांग्रेसी नेता द्वारा दिए गए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण में आने वाले अंतर के बयान को भ्रामक बताते हुए स्पष्ट किया कि खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए 4 लाख 14 हज़ार ,239 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जो पिछले साल के 3लाख 60 हज़ार 282 से अधिक है। इस साल फसल क्षेत्र भी बढ़कर 28लाख 77 हज़ार 562 एकड़ हो गया है, जो पिछले वर्ष 27लाख 30 हज़ार 745 एकड़ था। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष राज्य का धान उत्पादन पिछले साल के 58-59 लाख टन के आंकड़े को पार कर सकता है।श्री श्याम सिंह राणा ने भी कहा, कि यह सुनिश्चितकिया जा रहा है कि खरीद और उठान प्रक्रिया समय पर हो, ताकि किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो।"कृषि मंत्री ने सुरजेवाला को सार्वजनिक रूप से गलत बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी।

****

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि अनुशासन और कार्य के प्रति निष्ठाभाव किसी भी क्षेत्र में सफलता का मूल मंत्र है। लोकतंत्र की शीर्ष संस्था विधायिका की गरिमा के अनुसार विधान सभा सचिवालय में सकारात्मक वातावरण और अनुशासन जरूरी है।वह आज चंडीगढ़ स्थित विधानसभा सचिवालय के सभी अधिकारियों की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अनुशासन को बोझ न समझते हुए सब उत्साह के साथ आनंदित हो कर काम करें।उन्होंने कहा कि विधायिका समाज के भाग्य का निर्धारण करती है। समाज को विधायिका से बड़ी अपेक्षाएं हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए विधायी कामकाज की उत्कृष्टता अनिवार्य है।श्री कल्याण ने कहा कि गत वर्षों में विधान सभा की कार्यशैली में अनेक सुधार हुए हैं, लेकिन सुधार एक ऐसी प्रक्रिया है जो सतत रूप से जारी रहनी चाहिए। टीम की सामूहिक भावना और सकारात्मक वातावरण से यह सब संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों से उन्हें व्यक्तिगत रूप से सुझाव देने को कहा। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों से व्यक्तिगत बातचीत भी की।